समुद्री घोड़ा (सी-हॉर्स)

रॉबर्ट ए. मॉरिस

चित्र: अर्नोल्ड लोबेल

समुद्री घोड़ा (सी-हॉर्स)



रॉबर्ट ए. मॉरिस

चित्र: अर्नोल्ड लोबेल

समुद्र में एक बड़ा तूफान आया है.

विशाल लहरें

किनारे से टकराती हैं.

बहुत से समुद्री जानवर

गहरे पानी में तैरते हैं.

वहाँ पानी शांत है.

लेकिन कुछ जानवर

किनारे के पास ही रहते हैं.

उनमें से एक मछली है.

पर वो अन्य मछलियों

जैसी नहीं दिखती है.

वो एक समुद्री घोड़ा

यानि सी-हॉर्स है.

धमाका!

एक बड़ी लहर

समुद्री घोड़े को

समुद्री शैवाल से झटक कर

अलग कर देती है.

लहर उसे समुद्र में ले जाती है.

वह पानी में

स्वतंत्र रूप से तैर रहा है.

वह खतरे में है,

क्योंकि उसके दुश्मन

उसे देख सकते हैं.

समुद्री शैवाल का

एक छोटा टुकड़ा

तैरता हुआ आता है.

सी-हॉर्स जल्दी से

अपनी पूंछ को समुद्री शैवाल के

चारों ओर लपेट लेता है.



समुद्री शैवाल भूरे रंग का होता है.

इसे सरगासम कहते हैं.

उसके तने पर

छोटी-छोटी थैलियाँ लगी होती हैं.

ये थैलियाँ गुब्बारे जैसी दिखती हैं.

थैलियाँ के कारण समुद्री शैवाल

तैरता रहता है.

समुद्री घोड़ा इस शैवाल को

कसकर पकड़ता है.

तूफ़ान कई दिनों तक चलता है.

अब समुद्री घोड़ा थका हुआ

और भूखा है.

उसे जल्दी ही

कुछ खाना चाहिए.

अगर वह नहीं खाएगा

तो वह इतना कमज़ोर हो जाएगा

कि वो समुद्री शैवाल को

पकड़ नहीं पाएगा.

तूफ़ान खत्म हो गया है.

समुद्र शांत है.

और भी समुद्री शैवाल आते हैं

फिर और भी समुद्री शैवाल आते हैं.

जल्द ही समुद्र पर

भूरे रंग के सरगासम की

एक बड़ी चादर

बिछ जाती है.

समुद्री घोड़ा और उसका शैवाल

उसके बीच में होते हैं.



पानी में कई छोटे-छोटे जानवर

और पौधे तैरते हैं.

इन्हें प्लैंकटन कहते हैं.

छोटी मछलियाँ प्लैंकटन खाती हैं.

बड़ी मछलियाँ,

छोटी मछलियों को खाती हैं.

समुद्री घोड़ा बहुत भूखा है.

छोटी मछलियाँ तैरती हुई गुज़रती हैं.

छोटे झींगे तैरते हुए गुज़रते हैं.

समुद्री घोड़ा

एक छोटे झींगे को देखता है.

वह उसके पास तैरता है.

अचानक समुद्री घोड़ा

अपने गाल फुलाता है.

उसका मुँह खुलता है.

पफ!

झींगा उसके लंबे थूथन के नीचे

गायब हो जाता है.

पफ! पफ! पफ!

इस तरह तीन और झींगे

गायब हो जाते हैं.

समुद्री घोड़े के दाँत नहीं होते.

वह अपनी लंबी नाक से

खाना चूसता है.

पफ!

फिर वो एक और झींगा

खा जाता है.

समुद्री घोड़े के लिए

बहुत कुछ खाने को है.

वह सैकड़ों छोटे झींगे खाता है,

जब तक कि उसका पेट न भर जाता.

समुद्री घोड़ा भूरे रंग का है.

और सरगासम भी भूरे रंग की है.

इसलिए समुद्री घोड़े को

देखना होता मुश्किल है.

वह समुद्री शैवाल के

एक टुकड़े जैसा दिखता है.

एक दिन, एक मछली,

एक विशाल एम्बरजैक

तैरती हुई आती है.

एम्बरजैक भूखी है.

वह छोटे केकड़े

और मछलियाँ खाती है.

वह समुद्री घोड़े भी खाती है.

समुद्री घोड़ा एकदम स्थिर रहता है.

एम्बरजैक तैरती हुई

उसके और करीब आती है.

स्विश!

वह समुद्री घोड़े के पास

एक छोटा केकड़ा खाती है.

एम्बरजैक, समुद्री घोड़े को

नहीं देखती है.

मछली अभी भी भूखी है.

और अधिक भोजन की तलाश में

वो तैरती हुई दूर चली जाती है.



एक दिन समुद्री घोड़ा

समुद्री घास को छोड़ देता है.

वह दूसरे टुकड़े की ओर

बढ़ना शुरू करता है.

समुद्री घास सिर्फ़

कुछ फ़ीट की दूरी पर है.

लेकिन समुद्री घोड़े के लिए

यह एक लंबी यात्रा है.

उसके पास पकड़ने के लिए

कुछ भी नहीं है.

वो बह सकता है.

या फिर कोई बड़ी मछली

उसे खा सकती है.



वह अपनी पीठ के

छोटे पंख को

हिलाता है.

वह पंख को तेज़ी से

हिलाता है.

जल्द ही वो

इतनी तेजी से

आगे बढ़ता है

कि उसे

देख पाना

मुश्किल हो जाता है.



उसका पंख, समुद्री घोड़े को

आगे बढ़ाता है.

लेकिन वह गलत दिशा में

तैर रहा है!

फिर वो अपने सिर के किनारे

वाले पंखों को

हिलाना शुरू कर देता है.



वे कान जैसे दिखते हैं.

वह एक पंख को दूसरे से

ज्यादा तेजी से हिलाता है.

वह जल्दी से घूम जाता है.

समुद्री घोड़ा इन पंखों का इस्तेमाल

एक या दूसरी तरफ

मुड़ने के लिए करता है.

उसके पेट के नीचे का छोटा पंख

उसे पानी में सीधा रहने में

मदद करता है.

एक मिनट में

वह समुद्री शैवाल में

अपने नए घर तक

पहुँच जाता है.

अब वह सुरक्षित है.



क्लिक! क्लिक! क्लिक!

क्या अजीब आवाज है.

पानी के नीचे की दुनिया

अक्सर शोरगुल वाली होती है.

स्नैप! स्नैप! स्नैप!

एक छोटा झींगा चिल्लाता है.

क्रोक! क्रोक! क्रोक!

एक मछली बोलती है.

फिर क्लिक! क्लिक!

की आवाज़ आती है.

समुद्री घोड़े ने यह आवाज़

पहले भी सुनी है.

यह एक दूसरे समुद्री घोड़े

की आवाज़ है.

समुद्री घोड़ा अपनी गर्दन को

झटका देकर

ऐसी आवाज़ निकालता है.

समुद्री घोड़ा

अपनी एक आँख को

सामने की ओर घुमाता है.

वह अपनी दूसरी आँख को

पीछे की ओर घुमाता है.

एक बार में उसकी एक आँख ही हिलती है.

आखिरकार, वह दूसरे समुद्री घोड़े को

ढूँढ़ लेता है.

वो मादा है.

वह धीरे-धीरे उसकी ओर तैरता है

और उसका अभिवादन करता है.

क्लिक! क्लिक! क्लिक!

वह दो साल की है.

वह भी उसी उम्र का है.

थोड़ी देर के लिए वे

अपनी पूँछ मिलाते हैं.

फिर वे दोनों अपनी पूँछ को

समुद्री घास के चारों

ओर लपेट लेते हैं.

समुद्री घोड़े

पानी में

बहुत सारे छोटे अंडे देखते हैं.

वे ईल के अंडे हैं.

जब ईल के बच्चे निकलते हैं

तो समुद्री घोड़े उनमें से

बहुत सारे बच्चे खा लेते हैं.

एक दिन मादा समुद्री घोड़ा

तैरकर नर के पास जाती है.

अब मादा के अंडे देने का समय है.

अधिकांश मछलियाँ अपने अंडे

पानी में देती हैं.

समुद्री घोड़े ऐसा नहीं करते.

नर समुद्री घोड़े के पेट के नीचे

एक बड़ी थैली होती है.

मादा इस थैली में अंडे देती है.

नर उन अंडों को तब तक

अपने पास रखेगा

जब तक वे फूटते नहीं.

दिन बीतते हैं और हवाएँ चलती हैं.

समुद्री घोड़े समुद्री घास को

मजबूती से पकड़ते हैं.

समुद्री घास किनारे के और

करीब तैरती है.

एक दिन समुद्री घास बहकर

एक बड़ी खाड़ी में

चली जाती है.

खाड़ी शांत है.

वो समुद्र की बड़ी लहरों से

सुरक्षित है.



यह समुद्री घोड़ों के लिए

एक अच्छा घर है.



दोनों समुद्री घोड़े

कुछ ईलग्रास में तैरते हैं.

ईलग्रास में कई अन्य

समुद्री घोड़े रहते हैं.

वे ईलग्रास की तरह ही

काले होते हैं.

ईलग्रास को देखना

मुश्किल होता है.

लेकिन भूरे नर और

मादा समुद्री घोड़ों को

देखना आसान होता है.

वे सरगासम के समान रंग के होते हैं.

लुकडाउन नामक

एक बड़ी मछली

ईलग्रास में तैरती है.

भूरे समुद्री घोड़े जल्दी से

छिप जाते हैं.

नीचे देखने पर

वे दिखाई नहीं देते.

दो दिन में समुद्री घोड़े

काले हो गए हैं.

वे ईलग्रास जैसे दिखने लगे हैं.

फिर वे बड़ी मछलियों से सुरक्षित होंगे.

नर समुद्री घोड़े ने लगभग

पच्चीस दिनों तक अंडे ढोए हैं.

उसकी थैली बहुत बड़ी हो गई है.

फिर वो ऐसे झुकता है

जैसे उसे पेट में दर्द हो रहा हो

पॉप!

एक बच्चा समुद्री घोड़ा

बाहर निकलता है.

पॉप!

थैली से तीन और बच्चे

बाहर निकलते हैं.

पॉप!

बारह और बच्चे बाहर निकलते हैं.



जल्द ही पानी में

सैकड़ों समुद्री घोड़े के बच्चे होते हैं.

वे अपने पिता की नाक

जितने लंबे होते हैं.

उनमें से कई अपनी पूंछ को

ईलग्रास के चारों ओर लपेटते हैं.

वे प्लैंकटन खाना

शुरू कर देते हैं.

वे खुद की देखभाल

करने में सक्षम होते हैं.





कुछ बच्चे पानी में बह जाते हैं.

वे अपने माता-पिता से दूर रहते हैं.

सभी समुद्री घोड़े के बच्चे बड़े नहीं होंगे.

कुछ को बड़ी मछलियाँ खा जाएँगी.

नर समुद्री घोड़े की

थैली अब खाली है.

वह छोटा दिखता है.

अब वो कई महीनों तक

फिर से अंडे नहीं ढोएगा.

मादा उसके पास ही रहती है.

लगभग अंधेरा हो गया है.

क्लिक! क्लिक! क्लिक!

ईलग्रास में समुद्री घोड़े

भोजन की तलाश में हैं.

पफ! पफ! पफ!

समुद्री घोड़े

छोटे जानवरों को चूस रहे हैं.

नर और मादा शांत खाड़ी में

लंबे समय तक रहेंगे.

समाप्त